भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.07.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3911 का उत्तर

परेल में रेल डिब्बा कारखाना

3911. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या गुजरात के दाहोद जिले के परेल में स्थित रेलवे इंजन और डिब्बा कारखाने के उन्नयन और विस्तार की व्यापक संभावनाएं हैं, क्योंकि कारखाने से जुड़ी हजारों एकड़ भूमि खाली पड़ी है और पर्याप्त श्रमशक्ति उपलब्ध है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): गुजरात में दाहोद में एक बड़ा रेल अनुरक्षण कारखाना स्थित है जो लगभग 68 एकड़ भूमि पर बना हुआ है। माल डिब्बों और रेल इंजनों की मरम्मत के लिए क्षमता बढ़ाने के लिए इस सुविधा का संवर्धन और अपग्रेडेशन किया जा रहा है। रेलवे की परिचालनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जब कभी अपेक्षित होगा, दाहोद में उपलब्ध रेलवे भूमि पर अतिरिक्त सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

******